सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

कार्यपरिषद् की बैठक

दिनांक -19.04.2014
समय - अपराह्ण 3:30 बजे से
स्थान - योग साधना केन्द्र

उपस्थिति

1-प्रो. बिन्दा प्रसाद मिश्र, कुलपति- अध्यक्ष

2- प्रो. हरिशंकर पाण्डेय
3- प्रो. आशुतोष मिश्र
4- डा. प्रभु सिंह यादव
5- डा. राजनाथ
6- प्रो. यदुनाथ प्रसाद दुबे
7- डा. हरिप्रसाद अधिकारी
8- डा. ललित कुमार चौबे
9- प्रो. कृष्ण कान्त शर्मा
10- प्रो.रामकिशोर त्रिपाठी
11- वित्ताधिकारी
12- कुलसचिव - सचिव

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए कार्यपरिषद् की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

विचारणीय विषय (एजेण्डा)-

- **कुलपति की नियुक्ति के सन्दर्भ में उत्तर-प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा-12 की उपधारा (1) के अन्तर्गत गठित होने वाली समिति में धारा 12(2)(क) के अन्तर्गत एक सदस्य के निर्वाचन पर विचार।**

कुलसचिव ने परिषद् के समक्ष महामहिम कुलाधिपति के प्रमुख सचिव के पत्र सं॰ ई॰-2556/जी॰एस॰, दिनांक 24.03.2014 प्रस्तुत करते हुए सूचित किया कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम **1973 की धारा-12 की उपधारा (1) के अन्तर्गत गठित होने वाली समिति में धारा 12(2)(क) के अन्तर्गत** कुलपति खोज समिति हेतु विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् द्वारा एक सदस्य निर्वाचित होना है।

कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव के पत्र पर सम्यक् रूप से विचार करते हुए कार्यपरिषद् के सदस्य प्रो॰ कृष्णाकान्त शर्मा के प्रस्ताव एवं प्रो॰ यदुनाथ प्रसाद दुबे के अनुमोदन पर कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 12(2)(क) में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत श्री गोपबन्धु पटनायक, सेवानिवृत्त आई.ए.एस. **- पूर्व कुलपति- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं पूर्व प्रमुख सचिव माननीय श्री राज्यपाल उ.प्र. को कुलपति खोज समिति का सदस्य निर्वाचित किया।**

अंत में अध्यक्ष ने सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा विसर्जन की घोषणा की।

उपकुलसचिव (प्रशा०)/कुलसचिव
हेतु अनुमोदनार्थ
19/4/2014
(सहायक कुलसचिव)
19.04.14
D.R(A)
19/04/14

कुलसचिव
सं॰सं॰वि॰वि॰,वाराणसी

Hon'ble V.C.
V.C. 19.4.14